# अमर उजाला

बरेली
शुक्रवार, 14 नवंबर 2025
मार्गशीर्ष कृष्ण-दशमी
विक्रम संवत-2082

PAGE NO :19 BOTTOM

## 154 रनों की पारी खेलकर अभिमन्यु ने टीम को विजेता बनाया

बरेली। मुरादाबाद में आयोजित पार्कर मेमोरियल अंडर-12 क्रिकेट टूर्नामेंट में बृहस्पतिवार को एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी ने चिल्ड्रन क्रिकेट अकादमी को 231 रनों से हराया। अभिमन्यु ज्वाला ने 154 रनों की धुआंधार पारी खेलकर टीम को विजेता बनने में मदद की। शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच में एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में 293 रन बनाए। चिल्ड्रन क्रिकेट अकादमी की ओर से अक्षय सक्सेना ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चिल्ड्रन क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम सिर्फ 62 रनों पर ऑल-आउट हो गई। कुशाल जोशी ने 41 रन बनाए। अन्य कोई बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पाया। एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी के लिए इशान ने तीन विकेट लिए। असद, सुशांत और दिव्यांश ने एक-एक विकेट हासिल किया। संवाद